(26)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 211/2021

जयसिंह मील पुत्र स्व0 गणपत सिंह मील, शिव मंदिर सिनेमा के सामने, जे0एम0 बजाज एजेन्सी के पीछे, फतेहपुर रोड, सीकर (राज0) 332001

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) झुंझुनूं।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 25.10.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 06.10.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 211/2021 पर दिनांक 06.10.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/3271–3272 दिनांक 08.10.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) झुंझुनूं ने पत्रांक आर0टी0आई0/2021/53 दिनांक 22.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र कार्यालय मे दिनांक 29.07.2021 को प्राप्त हुआ। प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना मे से बिन्दू सं0 1, 2 एवं 4 की सूचना कार्यालय मे संघारित नही है। प्रार्थी को बिन्दू सं0 3 की सूचना प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक 27 दिनांक 26.08.2021 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) झुंझुनूं पत्रांक आर0टी0आई0/2021/53 दिनांक 22.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र कार्यालय मे दिनांक 29.07.2021 को प्राप्त हुआ। प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना मे से बिन्दू सं0 1, 2 एवं 4 की सूचना कार्यालय मे संघारित नही है। प्रार्थी को बिन्दू सं0 3 की सूचना प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक 27 दिनांक 26.08.2021 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 25.10.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं